### एक नजर में

## एक्सीडेंट में मृतक व्यक्ति के परजिन को मिलेगा 82 .59 लाख का मुआवजा, जिला कोर्ट ने सुनाया आदेश



**बदनावर** । सड़क दुर्घटना से जुड़े एक महत्वपूर्ण क्लेम प्रकरण में जिला एवं सत्र न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए मृतक अभिषेक चौहान के परिजनों को कुल 82 लाख 59 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दोत्रिया निवासी अभिषेक चौहान की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया था। न्याय और उचित मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने न्यायालय की शरण ली थी। प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता विक्रम सिंह चौहान ने की, जिन्होंने मृतक की आय, आयु और परिवार की निर्भरता से जुड़े सभी तथ्यों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हुए बीमा कंपनी की आपत्तियों का विधिक आधार पर खंडन किया। न्यायालय ने प्रस्तुत तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मृतक के आश्रितों के पक्ष में 82,59,000 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की। निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए पीड़ति परिवार ने कहा कि यह राशि उनके आर्थिक भविष्य को संबल देगी और न्याय प्रणाली में उनका विश्वास और मजबूत हुआ है।

## होलिका पूर्णिमा पर भक्तजन जाते हैं भगवान नरसिंह मंदिर



सरदारपुर। पास के गांव नरसिंह देवला में भगवान नरसिंह का प्राचीन मंदिर है, जो होलिका पूर्णिमा से जुडे होने से होलिका पूर्णिमा पर सरदारपुर क्षेत्र से दूरदराज के भक्तजन होलिका पूर्णिमा पर आकर दर्शन लाभ और आशिर्वाद लेते हैं। मंदिर पुजारी राजेश शर्मा के मुताबिक इस धर्म स्थल पर भगवान नरसिंह के साथ भक्त प्रहलाद और हिर्नाकश्यप की बहन की प्रतिमा भी विराजित है, इसी के चलते भक्तजनों की आवाजाही लगी रहती है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए लगाए गए टीके



**सरदारपुर** ।कैंसर से बचाव के लिए वर्ष से 15 वर्ष की बीच की बालिकाओं को टिका लगाया जा रहा है। सामु स्वास्थ्य केन्द्र, अमझेरा से इसकी शुरुवात हुई कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए टिकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया गया जिसमें यहू पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष के रंभ किया गय टिका 14वर्ष पूर्ण कर चुकी बीच की बालिकाओं को लगेगा । पहले यह टी? प्रायवेट हास्पीटलो मेलगाया जाता था से था दूर, जो बहुत ही महंगा होने के कारण आम नागरिक को पहुंच से अब यह टीका शासकीय अस्पतालो मे निशुल्क लगाया जा रहा है। से यह सामु स्वा केन्द्र में इस अभियान का प्रारंभ हुआ। जहाँ मेडिकल आफिसर डा सुशांत कुमार बहादुर, सेक्टर सुपरवाजर संतोष परमार ए. एन. एम स्वातिपाटीदार ए. एक. एम. ललीता डावर के द्वारारिकाकरण का कार्य किया गया ।

## शनिधाम में मना फाग महोत्सव

**इंदौर** . उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर फाग महोत्सव धूम धाम से आयोजित हुआ . महामंडलेश्वर दादू महाराज के सानिध्य में प्रसिद्ध भजन गायक पं. सौरभ दुबे (लाडला) द्वारा आज बृज में होली रे रसिया, रसिया को नार बनाओ री... सहित कई फाग भजनों की प्रस्तुति दी गई जिस पर भक्त आनंद के साथ झूमे. महोत्सव पश्चात आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ . साथ ही 51 किलो ठंडाई भी वितरण की गई . कई किलो फूल व गुलाल से भक्तों ने फाग महोत्सव का आनंद लिया . इस अवसर पर प्रताप तोलानी, दीपक बाबा, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, महापौर प्रतिनिधि भरत पारिख, सोनू अहिरवाल, मनोज हार्डिया, इंदू श्रीवास्तव, आशीष साहू, सहित कई श्रद्धालुजन उपस्थित थे .

## एआई प्लस स्मार्टफोन ने पल्स 2 लॉन्च किया

**इंदौर** . एआई प्लस स्मार्टफोन ने पल्स 2 लॉन्च कर दिया . कंपनी का कहना है कि यह फोन तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने के अपने मिशन का अगला कदम है . किफायती कीमत में आसान और स्मूद इस्तेमाल देने के लिए तैयार किया गया पल्स 2 रोजमर्रा की जरूरतों पर फोकस करता है- भरोसेमंद परफॉर्मेंस, पूरे दिन चलने वाली बैटरी और आसान फोटोग्राफी। इसकी बिक्री 11 मार्च से दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी . पल्स 2 दो वेरिएंट– 4 जीबी + 64 जीबी और 6 जीबी + 128 जीबी में मिलेगा . माधव शेठ, सीईओ, एआई प्लस स्मार्टफोन और फाउंडर, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा पल्स 2, पल्स 1 की मजबूत शुरुआत को आगे बढ़ाता है। हमने उन्हीं फीचर्स को बेहतर किया है जिनका लोग सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं- बेहतर कैमरा, भरोसेमंद बैटरी और बॉक्स से बाहर ही स्मूद सॉफ्टवेयर . हमारा मकसद है कि यूजर्स बिना ज्यादा खर्च किए बेहतर विकल्प चुन सकें .

## सैमसंग के सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो लॉन्च

**इंदौर** . सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं . ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं. गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फिटिंग का एक बेजोड़ मेल है. पहली बार, बड्स4 प्रो में ज़्यादा चौड़ा वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइज़र दिया गया है, जिससे आवाज़ मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है. बड्स4 सीरीज़ के साथ, सैमसंग ने नए ब्लेड डिज़ाइन को पेश किया है . यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है . बड्स4 सीरीज़ में एक अल्ट्रा-स्लीक और एर्गोनॉमिक फिट दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ताओं को अधिक आरामदायक अनुभव मिले .

## अमेजन का सैलर्स के लिए तोहफा

**इंदौर** . अमेजन इंडिया ने फीस में कटौती की घोषणा की, जिससे देश में लाखों सैलर्स तेजी से वृद्धि करने में समर्थ बनेंगे . पिछले साल फीस रिवीज़न के बाद कंपनी ने जीरो रेफरल फीस के कवरेज में 10 गुना से ज्यादा वृद्धि करते हुए इसे साल 2025 में 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स से साल 2026 में 12 .5 करोड प्रोडक्ट्स तक बढ़ा दिया . जीरो रेफरल फीस 1800 से अधिक कैटेगरीज़ के उन प्रोडक्ट्स पर लागू होगी, जिनके मूल्य 1,000 रुपये से कम हैं . इसके अलावा, एमेज़ॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर इज़ी शिप फीस को भी कम कर दिया है।

# बुजुर्गों ने बताया होलिका दहन का महत्व महिलाओं ने किया पारंपरिक पूजन

- ग्राम पिटगारा में श्रद्धा और परंपरा के साथ हुआ होलिका दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश




**बदनावर।** नगर के ग्राम पिटगारा में होलिका दहन का आयोजन पूरे श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक विधि के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, इसके बाद होलिका में अग्नि प्रज्वलित कर धार्मिक परंपराओं का पालन किया गया। गांव के महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सभी इस आयोजन में शामिल हुए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

आयोजन स्थल पर शांति, अनुशासन और सहयोग का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्था संभाली और सुरक्षा तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। बुजुर्गों ने युवाओं को होली के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में बताया और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। महिलाओं ने पूजा में भाग लेकर धार्मिक रीति-रिवाज निभाए, जबकि युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान भाईचारे, आपसी प्रेम और सम्मान की भावना देखने को मिली। लोगों ने मिलकर समाज में सद्भाव, एकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच बढ़ती है और रिश्ते मजबूत होते हैं। होलिका दहन के बाद लोगों ने खुशियां मनाई और आने वाले होली पर्व के लिए एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे आयोजन में गांव की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं की झलक साफ नजर आई। अंत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ, जिससे गांव में खुशी, संतोष और उत्साह का माहौल बना रहा और सभी ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## सरदारपुर के वार्ड 7 में कंडों की होलिका दहन



**सरदारपुर।** सरदारपुर नगर के वार्ड क्रमांक 7 में परम्परागत अनुसार होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के पूर्व वार्डवासी महिलाओं ने होलिका का पूजन किया। वार्ड पार्षद बबलू सोनेर, कैलाशचन्द्र गर्ग पराग गर्ग हिन्दूसिंह कटारे, भंवर सिंह सोनेर, अंशुल परमार, बृजमोहन पेन्टर, संतोष गर्ग, प्रभुदयाल पेन्टर आदि की उपस्थित रहे।

# मां गायत्री शक्तिपीठ पर तहसील स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



**मनावर।** । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पटेल कॉलोनी स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ पर तहसील स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।

इसमें जिला समन्वयक हीरालाल पाटीदार एवं उपझोंन प्रतिनिधि डॉ.धन्नालाल पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में गुरुदेव, माताजी मां गायत्री का पुजन कर समन्वय समिति के पुनर्गठन पर चर्चा की गई।बैठक में तहसील समन्वयक गिरधारी लाल मालवीय ने बताया कि गायत्री परिवार के चिंतन को जन-जन तक पहुंचने के लिए हर तीन वर्ष मे तहसील संगठन में समिति का पुनर्गठन किया जाता है। इस अवसर पर सर्वानुमति से गायत्री परिजनों की उपस्थिति में तहसील समन्वयक सहदेव पाटीदार, सह समन्वयक पदम सिंह वास्केल, मंडल विस्तार प्रभारी भेरूसिंह वास्केल, नारी जागरण प्रभारी वंदना पाटीदार, साधना स्वाध्याय प्रभारी डा. धन्नालाल पाटीदार, पर्यावरण संरक्षण प्रभारी राकेश व्यास, शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला प्रभारी बादल भालके, स्वावलंबन शिक्षण प्रभारी योगेश मालविया, कुरीति, व्यसन मुक्ति प्रभारी तुकाराम मंडलोई, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी प्रवीण पाटीदार, आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी प्रभारी रंजना भालके, युवा जोड़ो प्रभारी प्रेम सिंह, युग साहित्य विस्तार प्रभारी सागर सिंह मंडलोई, जिला समन्वय समिति सदस्य प्रताप सिंह अंचल को सर्वानुमति से मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी में प्रवेश परीक्षा संबंधी सूचना

**धार।** प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं एवं कक्षा 8वीं में संभावित रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा 13 मार्च 2026 को दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे तक संस्था एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी परिसर में आयोजित की जाएगी।साथ ही यह भी बताया गया कि कक्षा 9वीं में सीटें रिक्त न होने के कारण 6 मार्च 2026 को प्रस्तावित कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा रद्द की जाती है।संबंधित अभ्यर्थी एवं पालकगण प्रवेश परीक्षा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## राहवीर-पीएम राहत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिलें : मंत्री ठाकुर

- केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**धार। केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग, सांसद एवं अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए गए कि जिले में इस वर्ष नवीन रूप से चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट्स का अविलंब आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित किए जाए।**

बैठक में अवगत कराया गया कि पूर्व में चिन्हित 5 ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य पूर्ण हो जाने के कारण उन्हें समाप्त कर दिया गया है, जबकि जिले में 9 नवीन ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए हैं।

इस प्रकार पहले चिन्हित कुल 14 ब्लैक स्पॉट्स की संख्या अब 18 हो गई है। मंत्री श्रीमती ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत (कैशलेस) योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले, इसके लिए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

### समीक्षा भी की

बैठक में जिले में घटित हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा के साथ-साथ राहवीर योजना के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई तथा इनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में जिले में विगत दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में कमी दर्ज की गई है। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**धार। भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो द्वारा ॣजन औषधि सस्ती भी ङ्क भरोसेमंद भीॣ थीम के अंतर्गत 1 मार्च से 7 मार्च 2026 तक जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है।**

जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत 1 मार्च से 5 मार्च 2026 तक देश के विभिन्न जिलों में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जन औषधि केंद्र, वीर सावरकर नगर, भोज हॉस्पिटल चौराहा, धार में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।शिविर में डॉ. तरुण पंड्या (बी.डी.एस.) की उपस्थिति में आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी टेस्ट सहित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच नि:शुल्क की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 90 लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया।

इस अवसर पर डॉ. तरुण पंड्या ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाइयाँ किफायती होने के साथ-साथ गुणवत्ता की दृष्टि से भी भरोसेमंद हैं। उन्होंने आमजन से सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।यह शिविर जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

**एक नजर** ▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत ई-टेण्डर प्रक्रिया पर बैठक , 03 मदिरा समूहों का सफल निष्पादन

# आबकारी ई-टेंडर बैठक में 3 समूह निष्पादित



**धार । कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिला धार में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत ई-टेण्डर प्रक्रिया के संबंध में सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।**

जिले में वर्ष 2026-27 के लिए 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए घोषित आबकारी नीति के अनुसार कुल 21 एकल समूह गठित किए गए हैं। ई-टेण्डर प्रक्रिया के प्रथम चरण के प्रथम बैच में निष्पादित होने वाले 07 मदिरा समूहों के लिए 16,71,66,92,93/- के आरक्षित मूल्य पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) आमंत्रित किए गए।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में एवं जिला समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ई-आबकारी पोर्टल पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस प्रक्रिया में 07 मदिरा समूहों में से 03 मदिरा समूहों के लिए कुल ?8,44,08,13,05/- के आरक्षित मूल्य के विरुद्ध ?11,47,16,66,66/- के टेण्डर ऑफर प्राप्त हुए। जिनका विवरण निम्नानुसार है—

प्रथम– *DHR/FCL-w* पीथमपुर समूहवर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य ?54,91,54,248/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली ?69,51,00,000/- तथा ई-टेण्डर में उच्चतम ऑफर ?65,66,66,666/- प्राप्त हुआ। ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त ऑफर आरक्षित मूल्य से +26.58त्न अधिक होने पर उक्त समूह मेसर्स शिवाबाबा फूड्स प्रा. लि. को आवंटित किया गया।

द्वितीय– *DHR/FCL*-11 सरदारपुर समूहवर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य ?23,00,62,622/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली ?28,41,00,000/- तथा ई-टेण्डर में प्राप्त उच्चतम ऑफर ?31,66,66,666/- रहा। यह ऑफर आरक्षित मूल्य से +37.64त्न अधिक होने पर उक्त समूह श्री विकास सिंह ठाकुर को आवंटित किया गया।

तृतीय– *DHR/FCL*-21 निसरपुर समूहवर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य ?6,48,64,435/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली ?13,54,00,000/- तथा ई-टेण्डर में उच्चतम ऑफर ?11,66,66,666/- प्राप्त हुआ। ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त ऑफर आरक्षित मूल्य से +108.74त्न अधिक होने पर उक्त समूह कपील भावसार को आवंटित किया गया।